अंक–1 जुलाई 2015

# नागरिका

## मासिक ई–पत्रिका



## नगर निगम, गोरखपुर

http://nagarnigamgkp.org

स्वच्छ गोरखपुर

सुन्दर गोरखपुर



# संपादकीय

नगर निगम, गोरखपुर शहरवासियों को मूलभूत सुविधाएँ प्रदान करने तथा निगम की कार्यप्रणाली को पारदर्शी बनाने के लिए दृढ़संकल्प है। निगम द्वारा पारदर्शी व्यवस्था को अपनाने हेतु गृहकर/जलकर/सीवर कर के आनलाइन भुगतान की सुविधा तथा आनलाइन शिकायत निवारण प्रणाली का विकास किया गया है। निगम द्वारा जारी जन्म एवं मृत्युप्रमाण पत्रों की जाँच की सुविधा निगम की वेबसाइट www.nagarnigamgkp.org पर उपलब्ध करायी गयी है।

निगम की कार्यप्रणाली को पारदर्शी बनाने के लिए निगम के विभिन्न विभागों को कम्प्यूटराईज्ड किया जा चुका है। कम्प्यूटराईज्ड जन्म मृत्यु पंजीकरण का कार्य वर्ष 2004 से प्रारम्भ किया जा चुका है। वर्तमान में 12 अस्पतालों को इस कार्य हेतु जोड़ा गया है, जहा से जन्म प्रमाण पत्र जारी किये जाते हैं। निगम की समस्त दुकानों एवं भवनों का किराया जमा करने हेतु वर्ष 2007 से निगम परिसर में कम्प्यूटराईज्ड कैश काउन्टर की व्यवस्था की गयी है। निगम के समस्त कार्मिकों के वेतन/पेंशन सम्बन्धी देयक वर्ष 1996 से कम्प्यूटराईज्ड किये जा चुके हैं। निगम का लेखा विभाग वर्तमान में पूर्णतः कम्प्यूटराईज्ड हो चुका है। किसी भी समय निगम के वार्ड/कार्य/मदवार व्यय का विवरण प्राप्त किया जा सकता है। डबलइन्ट्री एकाउण्टिंग सिस्टम का सफल क्रियान्वयन किया जा रहा है। वर्ष 2009 से 2014–15 तक की बैलेन्स शीट व बैंक समाधान विवरण तैया किये जा चुके हैं।

सफाई व्यवस्था के सुचारू रूप से संचालन हेतु निगम के वाहनों में जी0पी0एस0 प्रणाली का प्रयोग किया जा रहा है, जिसके द्वारा वाहन चालकों के कार्यों की निगरानी, सफाई व्यवस्था सुदृढ़ीकरण एवं डीजल/पेट्रोल के व्यय पर नियन्त्रण स्थापित किया गया है। हैण्ड हेल्ड मशीन के द्वारा कर का एकत्रीकरण एवं बिलों का प्रेषण सफलतापूर्वक किया जा रहा है। उपरोक्त समस्त कम्प्यूटरीकृत कार्यों के संचालन हेतु निगम द्वारा 6 उइचे की लीज लाइन रेलटेल द्वारा लिया गया है। निगम कार्यालय परिसर में होने वाली गतिविधियों की निगरानी हेतु निगम परिसर में सी0सी0 टी0वी0 कैमरे लगाये गये हैं।

नगर निगम, गोरखपुर अपने विभिन्न क्रिया कलापों के द्वारा शहर को स्मार्ट सिटी बनाने हेतु दृढ़ संकल्पित है। स्मार्ट सिटी योजना तभी फलीभूत हो सकती है, जब नगर निगम परिवार के साथ नगर के समस्त नागरिक समय से विभिन्न करों/शुल्कों की देनदारी सुनिश्चित करते हुए अपने दायित्वों का भली–भाँति निवर्हन करें।

**राजेश कुमार त्यागी**

**नगर आयुक्त**

डा0 सत्या पाण्डेय
महापौर
*Dr. Satya Pandey*
Mayor



# शुभ सन्देश

मुझे प्रसन्नता है कि नगर निगम, गोरखपुर द्वारा मासिक पत्रिका **"नागरिका"** का प्रकाशन हो रहा है। महानगर गोरखपुर के विकास से सम्बन्धित एवं विस्तृत जानकारी पत्रिका के प्रकाशन के माध्यम से प्रस्तुत की जा रही हैं। महानगरवासियों के साथ ही साथ जहाँ तक यह पत्रिका जायेगी एवं इसे आनलाइन जहाँ भी देखा जायेगा नगर निगम की एक अच्छी छवि परिलक्षित होगी। नगर निगम के अधिकारीगण, कर्मचारीगण, कर्मचारी सघों के पदाधिकारी व प्रतिनिधि एवं मा0 पार्षदगण आदि के साथ ही साथ महानगरवासी भी अपने आप को गौरवान्वित महसूस करेंगे एवं नगर निगम गोरखपुर के बारे में स्पष्ट जानकारी प्राप्त कर नगर निगम से सम्बन्धित समस्याओं के समाधान हेतु यह पत्रिका सहायक सिद्ध होगी।

जहाँ तक मुझे जानकारी है इस पत्रिका में नगर निगम के सभी विभागों से सम्बन्धित अद्यतन सूचना एवं पूर्ण जानकारी प्रदर्शित की जा रही है जिसका लाभ नगर निगम के अधिकारीगण, कर्मचारीगण के साथ ही जनप्रतिनिधियों एवं आम जनमानस को प्राप्त होगी। इस पत्रिका को तैयार करने में एवं इसमें सहयोग प्रदान करने में लगे लोगों को ईश्वर से मेरी प्रार्थना है कि यह पत्रिका अपने लक्ष्य को प्राप्त करने में सफल हो।

**शुभ कामनाओं सहित !**

भवदीया,

(डा0 सत्या पाण्डेय)
महापौर

कार्यालय : नगर निगम, टाउनहाल, गोरखपुर - 273 001 (उ.प्र.)
Office : Nagar Nigam, Town Hall, Gorakhpur - 273 001 (U.P.) INDIA
Ph. : 0551-2334539 Mob. : 7607003600
● e-mail : satyapandey 1981 @ gmail.com
आवास : "श्री गणेश कृपा भवन", सी- 179/359 बी, बेतिया हाता निकट हनुमान मन्दिर, गोरखपुर - 273 001 (उ.प्र.)
Resi "Shri Ganesh Kirpa Bhawan", C 179/359-B, Betiahata, Near Hanuman Mandir, Gorakhpur-273001 (U.P.) INDIA ● Ph. : Resi. 0551-2200131

मनु जायसवाल
उपसभापति
नगर निगम, गोरखपुर
Mob. : 09453033594
07607003632

निवास
शान्ति कुंज
निकट : लाल जामा मस्जिद, गोलघर
वार्ड नं0-32, पुर्दिलपुर,
गोरखपुर-273001



# संदेश

लोकतंत्र में जनसेवकों एवं जनप्रतिनिधियों के सृजन को जनता को समर्पित करना एक पुनीत दायित्व है। नगर निगम, गोरखपुर की ई–पत्रिका "नागरिका" इस कार्य को सहजता के साथ करेगी। इसके प्रथम प्रकाशन पर मेरी ओर से हार्दिक बधाई।

( मनु जायसवाल )
उपसभापति
नगर निगम, गोरखपुर

# नागरिका

## मासिक ई–पत्रिका


**प्रधान सम्पादक**

राजेश कुमार त्यागी
नगर आयुक्त

**सम्पादक**

बृजेश सिंह
वित्त एवं लेखाधिकारी

**सम्पादकीय सलाहकार**

रबीश चन्द्र
मुख्य कर निर्धारण अधिकारी
राजीव कुमार कुशवाहा
सहायक लेखाधिकारी
राकेश कुमार मिश्र
पब्लिक हेल्थ इंजीनियर
विवेक श्रीवास्तव
म्यूनिसिपल फायनेंस एक्सपर्ट

**संकलन**

डॉ0 श्यामपाल सिहं
लेखाकार

**पृष्ठ सज्जा**

मो0 वसीम
आई0टी0 स्पेशलिस्ट

**छायांकन**

राजेश कुमार
छायाकार


नागरिका के सम्बन्ध में किसी प्रकार का सुझाव nngkpnews@gmail.com पर ई–मेल किया जा सकता है।


**प्रकाशक– नगर निगम, गोरखपुर**

# महापौर द्वारा बेहतर गोरखपुर की दिशा में किये जा रहे प्रयास



दिनांक 05 जून 2015 को पर्यावरण जागरूकता रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना करती हुई महापौर व अन्य।



नगर निगम, गोरखपुर द्वारा संचालित संक्रामक रोग अस्पताल का निरीक्षण एवं मरीज से जानकारी लेती महापौर व अन्य।



महापौर द्वारा देवरिया रोड स्थित एम0एम0यू0टी0 के पास नाला निर्माण का निरीक्षण करती महापौर, स्थानीय पार्षद प्रतिनिधि व अन्य।

राम जानकी नगर वार्ड में सड़क का लोकार्पण करतीं महापौर, स्थानीय पार्षद व अन्य ।






गन्गेज चौक के पास जन समस्याओं को सुनती महापौर।

दिनांक 17 जून 2015 को नगर निगम परिसर में स्थित गेस्ट हाउस सभागार मे कार्यकारिणी की बैठक करते महापौर, नगर आयुक्त, उपसभापति एवं कार्यकारिणी के सदस्य।



# नगर निगम द्वारा बरसात के मौसम में शहर में हो जाने वाले जल जमाव के दृष्टिगत नालों के तलीझाड़ सफाई अभियान चलाया गया

गीता प्रेस के पीछे सफाई अभियान के तहत हो रहे नाला सफाई का निरीक्षण करते मुख्य कर निर्धारण अधिकारी व सफाई निरीक्षक।






डोमिनगढ़ स्टेशन के सामने स्थित नाले की सफाई करते सफाई कर्मचारी

डोमिनगढ़ स्टेशन के सामने स्थित नाले की सफाई कार्य का निरीक्षण करते हुये नगर आयुक्त, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी एवं सफाई निरीक्षक।



# निगम की कार्यप्रणाली में सुधार हेतु किये जा रहे प्रयास



दिनांक 24 जून 2015 को नगर निगम के समस्त विभागो में कर्मचारियों की उपस्थिति की जांच करते नगर आयुक्त एवं प्रभारी अधिकारी, अधिष्ठान। अनुपस्थित कर्मचारियों का एक दिन का वेतन काटने का निर्देश दिया गया।



# कार्मिकों की कार्यकुशलता हेतु सिटी आर0पी0एम0सेल के तत्वावधान में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम

भारत सरकार द्वारा संचालित कैपेसिटी बिल्डिंग योजना के अर्न्तगत नगर निगम में स्थापित सिटी आर0पी0एम0 सेल द्वारा नोडल अधिकारी बृजेश सिहं के निर्देशन में नगर निगम के कर्मचारियों हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। दिनांक 22 जून से 1 जुलाई 2015 तक आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में 15 विषयों पर 8 प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।



प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ करते हुए नोडल अधिकारी बृजेश सिंह



भुगतान फाईलों के परीक्षण, ए.सी.पी. , पे-फिक्सेशन, सेवानिवृत्त लाभ का भुगतान आदि विषय पर प्रशिक्षण देते हुए मुख्य नगर लेखा परीक्षक इसरार अम्बिया अंसारी



भवन अग्रिम एवं सामान्य भविष्य निधि के बारे में प्रशिक्षण देते हुए सहायक लेखाधिकारी, राजीव कुशवाहा



पत्र लेखन विधि एवं वाऊचर रखे जाने के तरीके के बारे में समझाते हुए डॉ. श्यामपाल सिंह, लेखाकार




उपार्जन आधार दोहरी लेखा प्रणाली विषय पर प्रशिक्षण देते म्यूनिसिपल फाइनेंस एक्स्पर्ट विवेक श्रीवास्तव




आय-व्यय खाता, लाभ-हानि खाता एवं मासिक प्रगति विवरण विषय पर प्रशिक्षण देते सी.ए. सौरभ अग्रवाल




प्राप्ति एवं भुगतान सॉफ्टवेयर के प्रयोग पर प्रशिक्षण देते हुए श्री आर.के.एल.श्रीवास्तव, कम्प्यूटर प्रोग्रामर




प्रशिक्षण प्राप्त करते कर्मचारी




प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन करते नोडल अधिकारी

# डोर टू डोर टैक्स कलेक्शन हेतु हैण्ड हेल्ड मशीन के संचालन हेतु आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम

नगर निगम, गोरखपुर में डोर टू डोर टैक्स कलेक्शन हेतु टैक्स कलेक्टर्स को हैण्ड हेल्ड मशीन के संचालन के लिए आई0 टी0 कम0 मानीटिरिंग एण्ड एवेल्यूएशन स्पेशलिस्ट , मो0 वसीम द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।





# विविध

सेवायें बेहतर किये जाने के दृष्टिगत निगम के वाहनों में जी0पी0एस0 इन्सटालेशन।





मितव्ययिता हेतु वाहनों का डीजल चेक करते नगर आयुक्त।

एक कदम स्वच्छता अभियान की ओर।



# स्वच्छ भारत अभियान

भारत सरकार के महत्वाकांक्षी स्वच्छ भारत अभियान द्वारा राष्ट्रव्यापी साफ सफाई अभियान का शुभारम्भ प्रधानमंत्री द्वारा गांधी जयन्ती के अवसर पर 2 अक्टूबर, 2014 को नई दिल्ली की एक बाल्मीकि बस्ती मे सफाई के साथ किया गया। विभिन्न राज्यों मे महत्वपूर्ण व्यक्तियों द्वारा इस कार्य की औपचारिक शुरूआत की गयी। इस योजना के अन्तर्गत वर्ष 2019 मे महात्मा गांधी की 150 वीं जयन्ती तक भारत को स्वच्छ भारत के रूप में प्रस्तुत करना है।

इस अभियान का उद्देश्य 1.04 करोड़ परिवारों को 2.5 लाख सामुदायिक शौचालय, 2.6 लाख सार्वजनिक शौचालय और प्रत्येक शहर में ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन की व्यवस्था करना है। इस कार्यक्रम को आगामी पांच वर्षों की अवधि में भारत के 4401 शहरों में लागू किया जाना है। इस अभियान पर 62009 करोड़ रूपये व्यय किए जाएंगे जिसमें से भारत सरकार द्वारा 14600 करोड़ रूपये व्यय किए जाएंगे।

इस कार्यक्रम के द्वारा सफाई की परम्परागत विधाओं को परिवर्तित किया जाना प्रमुख लक्ष्य है। अतः इस कार्यक्रम के अन्तर्गत खुले स्थलों पर शौच, अस्वच्छ शौचालयों को फ्लश शौचालयों में परिवर्तित करने, मानव मल को ढोने की प्रथा का उन्मूलन करने, नगरीय ठोस अपशिष्ट का प्रबन्धन करने को शामिल किया गया है।

प्रधानमंत्री के द्वारा यह भी आह्वान किया गया है कि हमें मातृभूमि की सेवा साफ सफाई के माध्यम से भी करनी है। अपने परिवेष को स्वच्छ रखने के लिए प्रति सप्ताह दो घण्टे का योगदान स्वच्छ राष्ट्र के निर्माण का संकल्प साबित होगा। स्वच्छ परिवेष के निर्माण से गंदगी जनित बीमारियों का प्रभाव समाप्त होगा। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार भारत में मलिन परिवेष मे निवास के कारण प्रत्येक नागरिक को प्रतिवर्ष रूपये 6500 का नुकसान होता है।

निष्कर्षतः कहा जा सकता है कि इस वृहद अभियान द्वारा वर्ष 2019 तक भारत को स्वच्छ परिवेष वाला देश बनाने में मदद मिलेगी। स्वच्छ परिवेष का निर्माण मात्र संकल्प से न होकर प्रभावी जनसहयोग एवं क्रियाकलापों द्वारा होगा। आशा की जा सकती है कि एक स्वच्छ एवं स्वस्थ समाज एक स्वस्थ भारत का निर्माण करेगा।

**डॉ0 श्यामपाल सिहं**
**लेखाकार**